दैनिक जागरण

शुक्रवार, 5 मई, 2023
आसनसोल संस्करण
www.jagran.com

पाकिस्तान के सिंध में 50 हिंदुओं का जबरन मतांतरण 14

पार्टी के भविष्य के लिए राकांपा प्रमुख पद छोड़ने का फैसला लिया : पवार 13

डीपीएस में स्व. रमेश गोयनका की स्मारक चित्र पट्टिका का अनावरण

जासं, आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में गुरुवार को पूर्व प्रो. वाइस चेयरमैन स्वर्गीय रमेश गोयनका की स्मृति में उनकी स्मारक चित्र पट्टिका का अनावरण किया गया। चित्र पट्टिका का अनावरण वर्तमान प्रो. वाइस चेयरमैन प्रतीक गोयनका ने किया । कार्यक्रम में प्रो. वाइस चेयरमैन प्रतीक गोयनका, संयोजिका सुश्री दीप्ति घोष, अध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने स्व. रमेश गोयनका को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण करने के संकल्प को दोहराया। प्रतीक गोयनका ने माता-पिता से बढ़कर हमारा शुभचिंतक कोई नहीं हो सकता। संयोजिका सुश्री दीप्ति घोष ने कहा कि जिस समय उन्होंने इस संस्था में कार्यभार संभाला तो यहां की सुव्यवस्था को देख हतप्रभ थी। जब नेतृत्व की डोर कुशल हाथों में हो तो सुफल की प्राप्ति निश्चित है। विद्यालय की प्रगति में हमारे मार्गदर्शक रमेश गोयनका जी का जो योगदान रहा। उसी का परिणाम है कि आज हम अहम भूमिका निर्वाह कर रहे है। सभी उनके पदचिह्नों पर चल अपना शत-प्रतिशत योगदान दे।